सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 04.07.2024

पुलिस अभिरक्षा से फरार हुये 10,000/- रूपये के इनामिया 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस** द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 02.07.2024 को वादी कैलाश सिंह हवालात प्रभारी द्वारा थाना सिविल लाइन पर सूचना दी गयी कि कचहरी परिसर से पेशी के दौरान 01अभियुक्त अजय उर्फ बड़े पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया है, सूचना पर तत्काल थाना सिविल लाइन पर **मु0अ0सं0 142/2024 धारा 261/262 बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुये स्वयं मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।

नोटः- **उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा मु0अ0सं0 142/2024 धारा 261/262 बीएनएस में 10,000/- रूपये का इनाम घोषित किया गया था।**

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं अभिरक्षा से फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम गठित टीमों द्वारा आज दिनांक 04.07.2024 को थाना सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर अभिरक्षा से फरार अभियुक्त अजय उर्फ बड़े को थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत **ग्राम वड़ी मिवाड़ी के पास से समय करीब 11.45 बजे गिरफ्तार किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अजय उर्फ बड़े पुत्र रोशनलाल निवासी मुहल्ला रानी नगर थाना भरथना जनपद इटावा उम्र 35 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 142/2024 धारा 261/262 बीएनएस थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 06/2011 धारा 457/380/411 भादवि थाना भरथना जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 08/2011 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना भरथना जनपद इटावा।
3. मु0अ0सं0 11/2011 धारा 8/11 एनडीपीएस एक्ट थाना भरथना जनपद इटावा।
4. मु0अ0सं0 142/2024 धारा 261/262 बीएनएस थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

पुलिस टीम- प्रथम टीमः- उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम।

द्वितीय टीमः- निरीक्षक श्री यशवन्त सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ0नि0 ध्यानेन्द्र प्रताप, उ0नि0 शराफत बेग, हे0का0 मनोज कुमार, का0 अमित कुमार, का0 रामनरेश, का0 अमित खोखर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी में विशेष भूमिका निभाने वाले 01 उ0नि0 एवं 02 आरक्षियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 1000-1000 रूपये से पुरस्कृत किया गया।